**NEWS CLIPPING:27.09.2023**

## PUNJAB KESARI

# एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

### जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में किया गया कार्यक्रम



*मुख्य अतिथि जयमाला तोमर को पौधा भेंट करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।*

फरीदाबाद, 26 सितम्बर (ब्यूरो): स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में आज एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का, आयोजन किया गया। यह ज्ञानवर्धक कार्यक्रम विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा रोटरी क्लब फरीदाबाद ट्यूलिपज् के सहयोग से किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर ज्ञान प्रदान करना, जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभागियों के बीच समुदाय की भावना को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत डीन साइंसेज तथा गणित विभाग की अध्यक्ष प्रो. नीतू गुप्ता ने सभी चिकित्सा विशेषज्ञों और मुख्य अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्रो. नीतू गुप्ता ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य के महत्व पर बल दिया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रही सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका जयमाला तोमर ने कोविड-19 महामारी की चुनौतियों को दर्शाती कुहान परिंदा नामक एक मार्मिक कविता प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी सूचनात्मक सत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें त्वचा विशेषज्ञ एवं कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. चेतना धुरा द्वारा युवा वयस्कों में त्वचा की देखभाल, क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट एवं डायबिटीज एजुकेटर डॉ. तमन्ना मल्होत्रा द्वारा यू एंड योर हार्मोन्स, और प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सविता कुमारी द्वारा स्तन कैंसर पर जागरूकता को लेकर व्याख्यान दिये गये।

एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का समापन रोटरी क्लब फरीदाबाद की अध्यक्ष डॉ. करुणा पाल के प्रेरक व्याख्यान से हुआ, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर बल दिया। आरसीएफ ट्यूलिप की सचिव पूनम चौधरी, सदस्यों डॉ. रुचिका, बबीता गोयल और सुनीता विज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रीना गर्ग ने शिविर की सफलता पर सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और उपस्थित लोगों को हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की महिला स्टाफ सदस्यों के लिए एक नि:शुल्क मैमोग्राफी परीक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर बल दिया गया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:27.09.2023**

# PIONEER

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य शिविर में विद्यार्थियों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह ज्ञानवर्धक कार्यक्रम विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा रोटरी क्लब फरीदाबाद ट्यूलिप के सहयोग से किया गया।

स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर ज्ञान प्रदान करना, जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभागियों के बीच समुदाय की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत डीन साइंसेज तथा गणित विभाग की अध्यक्ष प्रो. नीतू गुप्ता ने सभी चिकित्सा विशेषज्ञों और मुख्य अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया। प्रो. नीतू गुप्ता ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य के महत्व पर बल दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रही सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका जयमाला तोमर ने कोविड-19 महामारी की चुनौतियों को दर्शाती वुहान परिंदा नामक एक मार्मिक कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी सूचनात्मक सत्र



प्रस्तुत किए गए, जिसमें त्वचा विशेषज्ञ एवं कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. चेतना घुरा द्वारा युवा वयस्कों में त्वचा की देखभाल, क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट एवं डायबिटीज एजुकेटर डॉ. तमन्ना मल्होत्रा द्वारा यू एंड योर हार्मोंस और प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सविता कुमारी द्वारा स्तन कैंसर पर जागरूकता को लेकर व्याख्यान दिये गये। एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का समापन रोटरी क्लब फरीदाबाद की अध्यक्ष डॉ. करुणा पाल के प्रेरक व्याख्यान से हुआ, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर बल दिया। आरसीएफ ट्यूलिप की सचिव पूनम चैधरी, सदस्यों डॉ. रुचिका, बबीता गोयल और सुनीता विज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रीना गर्ग ने शिविर की सफलता पर सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और उपस्थित लोगों को हार्दिक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की महिला स्टाफ सदस्यों के लिए एक निशुल्क मैमोग्राफी परीक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर बल दिया गया।

**NEWS CLIPPING:27.09.2023**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई। इस मौके पर चर्म रोग विशेष, स्त्री रोग विशेषज्ञ आदि मौजूद रहें। इसका आयोजन गणित विभाग और रोटरी क्लब फरीदाबाद के सहयोग से किया गया। इसकी अध्यक्षता गणित विभाग की डीन प्रो. नीतू गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लेखिका जयमाला तोमर मौजूद रही। इस मौके पर उन्होंने ने कोविड-19 महामारी की चुनौतियों को लेकर 'वुहान परिंदा' नामक एक कविता प्रस्तुत की। संवाद

**NEWS CLIPPING:27.09.2023**

# HINDUSTAN

## स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में पहुंचे विद्यार्थी

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा रोटरी क्लब फरीदाबाद ट्यूलिप के सहयोग से किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर ज्ञान प्रदान करना, जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभागियों के बीच समुदाय की भावना को बढ़ावा देना था।